राज्य में कितने स्मारकों को संरक्षित किया गया है;

(ख) क्या सरकार ऐसे स्मारकों के लिए कोई प्रवेश-शुल्क लेती है; और

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष में कितनी-कितनी धनराशि एकत्र की गई है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री एस० आर० बोम्बाई): (क) केन्द्र द्वारा संरक्षित स्मारकों का संरक्षण एक सतत् प्रक्रिया है। तथापि केन्द्र द्वारा संरक्षित उन स्मारकों की राज्य-वार संख्या संलग्न विवरण में दी गई है, जहां पिछले वर्ष संरक्षण कार्य किया गया है। (नीचे देखिए)

(ख) और (ग) कुछ चुनिंदा स्मारकों के लिए प्रवेश शुल्क लिया जाता है और पिछले तीन वर्षों के दौरान इन स्मारकों से एकत्र की गई धनराशि नीचे लिखे अनुसार है:—

1993-94	49,82,570.50 रु०/-
1994-95	49,06,668.50 रु०/-
1995-96	52,52,639.50 रु०/-

विवरण

केन्द्र द्वारा संरक्षित उन स्मारकों की राज्यवार संख्या जहां पिछले वर्ष संरक्षण कार्य किया गया है।

क्रम सं०	राज्य का नाम	स्मारकों की संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश	19
2.	असम	3
3.	अरुणाचल प्रदेश	1
4.	बिहार	10
5.	दिल्ली	19
6.	दमन एवं द्वीव	5
7.	गोवा	14
8.	गुजरात	19
9.	हरियाणा	7
10.	हिमाचल प्रदेश	5
11.	जम्मू एवं कश्मीर	14
12.	कर्नाटक	27
13.	केरल	2
14.	मध्य प्रदेश	17
15.	महाराष्ट्र	6
16.	उड़ीसा	9
17.	पंजाब	2
18.	राजस्थान	11
19.	तमिलनाडु	18
20.	उत्तर प्रदेश	34
21.	पश्चिमी बंगाल	9
		251

आरक्षित वन की भूमि का अतिक्रमण और उसे बेचा जाना

1338. **श्री सोमपाल:** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने के कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तरी सिक्किम में वन कानूनों का उल्लंघन करते हुए आरक्षित वन की खास भूमि का अतिक्रमण किये जाने और उसे बेचे जाने के बारे में एक जांच कराई गई थी;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस बारे में कुछ वरिष्ठ नागरिकों ने भी सरकार और क्षेत्रीय वन महानिरीक्षक से शिकायत की थी; और

(ग) यदि हां, तो उक्त जांच के क्या परिणाम निकले और सरकार ने इस संबंध में अब तक क्या प्रभावी कार्यवाही की है?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद): (क) जी, हां।

(ख) जी, हां।

(ग) मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय), भुवनेश्वर द्वारा इस मामले की जांच की गई थी तथा उनसे प्राप्त रिपोर्ट को सिक्किम राज्य सरकार को टिप्पणियों के लिए भेज दिया गया है।

ठोस अपशिष्ट का उपयोग

1339. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ने नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र से निकलने वाले ठोस

अपशिष्ट को सड़कों के विकास कार्य में इस्तेमाल करने का कोई निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस संबंध में कोई रिपोर्ट तैयार की गई है और प्रस्तुत की गयी है; और

(ग) यदि हां, तो उसकी मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद): (क) केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ने सड़क निर्माण में नगर निगम के अपशिष्टों को उपयोग में लाने के लिए एक अनुसंधान व विकास परियोजना शुरू की है।

(ख) और (ग) दो अन्तरिम रिपोर्टें तैयार की गई हैं। उनकी मुख्य विशेषताएं निम्न प्रकार से हैं:—

1. नई दिल्ली नगर निगम प्रसंस्करण संयंत्र से प्राप्त संसाधित नगर अपशिष्टों के नमूनों का प्रयोगशाला अध्ययन पूरा हो चुका है;

2. टेस्ट, सेक्शन के निर्माण की विशिष्टताएं विकसित की गई हैं;

3. प्रयोगशाला जांच से यह पाया गया है कि संसाधित नगर अपशिष्ट को पटरी की नींव और उप-नींव में कुछ योगज जैसे कि सीमेंट और चूने में मिलाकर उपयोग किया जा सकता है; और

4. नगर अपशिष्टों का और अन्य स्थानीय मिट्टी समूहों को प्रयोग करने वाले टेस्ट सेक्शन के निर्माण का कार्य आरम्भ हो चुका है।

Construction of overbridges in Maharashtra

1340. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) how many construction works of overbridges to replace level crossings are currently underway in Maharashtra, particularly, on the National Highways passing through the State with details thereof;

(b) what is the estimated cost of these overbridges and how they are being funded by the Central and State Governments, and

(c) by when these overbridges at level crossings are likely to be complete in the State?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) to (c) No. of works of construction of Road Over Bridges in replacement of level crossings underway in Maharashtra is 8. Three of these arc en National Highways. Details are as under:—

Name of Work	Total estimated cost	Rly's share of cost	State Govt's share of cost	Probable date of completion	
		Fig. in lakhs of Rs.			
1.	Road over bridge in lieu of level crossing No. 107 (on NH No. 7) at Borkhedi	209.59	98.82	110.77	Sept*97
2.	Road over bridge at lieu of level crossing I NH-7)	Bufibori in Mo. 113 (on	280.56	133.23	147.33	Dec. 98
3.	Road over bridge at lieu of level crossing (on NH-7)	Khapri in No. 119-A	166.08	89.08	77.00	Dec. 96
4.	Road over bridge at Nardhana on Udhna-Jalgaon section in lieu of level crowing No. 120-A		711.46	352.58	358.88	State Govt, has not yet given estimate for approaches and is now proposing to take up work on BOT (Build, Operate & Transfer) concept.